## एक नजर में

### जेंडर संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित हुआ

**मंदसौर।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग के निर्देशन में जिले में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जेंडर संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास सुश्री अंकिता पंड्या ने बताया कि मिशन शक्ति हब अंतर्गत आउटरीच गतिविधि की गई। कार्यक्रम में *PMMVY, PMKVY, W*।।रुह्रस्ष्ट की जानकारी दी। घर के कामों में बिना किसी लिंग भेद के सहयोग करे। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए सख्त कानून यौन उत्पीड़न रोकथाम की जानकारी दी। खाना बनाना, साफ-सफाई या बच्चों की देखभाल केवल महिलाओं का काम नहीं है, बल्कि यह सभी की जिम्मेदारी है। घर पर ही लड़कों और लड़कियों को समान जिम्मेदारियां और अवसर दें ताकि वे एक-दूसरे के काम और संघर्षों को समझ सकें। विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 181, 1098, 112, 1930 की जानकारी दी गई।

### नपाध्यक्ष गुर्जर एवं स्वास्थ्य सभापति मकवाना ने कार्यशाला में सहभागिता की

**मंदसौर।** विगत दिनों उज्जैन में मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग के द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें उज्जैन संभाग के सभी नगरीय निकायों के अध्यक्षगण एवं स्वास्थ्य समिति के सभापति शामिल हुये। मंदसौर की नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर एवं स्वास्थ्य समिति सभापति श्रीमती दीपमाला रामेश्वर मकवाना ने सहभागिता की। इस कार्यशाला में भारत सरकार से मान्यता प्राप्त संस्था फीडबैक फाउण्डेशन ने ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन विषय पर जनप्रतिनिधियों की जानकारी दी। लगभग 6 घण्टे तक चली इस कार्यशाला में उज्जैन संभाग के नगरीय निकायों के अध्यक्षगण एवं स्वास्थ्य सभापतियों ने शामिल होकर स्वच्छता मिशन अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन की पूरी जानकारी ली।

### स्व. विजय कुमार भंडारी के योगदान को यह क्षेत्र कभी भूल नहीं सकता : चौहान

**भानपुरा।** स्वर्गीय विजय कुमार भंडारी जैसा शिक्षा शास्त्री युगों के बाद जन्म लेता है। उन्होंने नगर व क्षेत्र के कई होनहार विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने एवं पर्यावरण के क्षेत्र में सैकड़ो की तादाद में नीम लगाकर इस क्षेत्र को संवारने का जो पुनीत कार्य किया है उसका कोई सानी नहीं है। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन भानपुरा नगर के गौरव को बढ़ाने में समर्पित किया है। श्रीमती कमला सकलेचा ज्ञान मंदिर के माध्यम से उन्होंने हजारों- हजार छात्र-छात्राओं के भविष्य को संवारकर देश एवं विदेश तक श्रेष्ठ पदों पर असीन करवाया है इसको यह नगर कभी भूल नहीं सकता। इस विद्यालय के संस्थापक शरद सकलेचा एवं सह संस्थापक स्वर्गीय विजय कुमार भंडारी के उत्कृष्ट योगदान को आज की पीढ़ी को हमेशा याद रखना चाहिए। उपरोक्त विचार श्रीमती कमला सकलेचा ज्ञान मंदिर के प्रांगण में स्वर्गीय विजय कुमार भंडारी की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर फूल माला अर्पित करते हुए उनके विद्यार्थी एवं सहकर्मी रहे राम नारायण चौहान व राधेश्याम टेलर ने मुख्य एवं विशेष अतिथि के रूप में बोलते हुए व्यक्त किये। इस अवसर पर उन्होंने स्व.भंडारी पर लिखी एक रचना भी सुनाई जिसका उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने करतल ध्वनिताली के साथ स्वागत किया। स्व. भंडारी को बैंड के साथ पुष्प चक्र अर्पित करके खेल शिक्षक ललित किशोर शर्मा के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। विद्यालय के पीआरओ अशोक व्यास ने अतिथियों का परिचय तथा प्राचार्य डॉक्टर अर्चना सिंह ने कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का विद्यालय में पधारने पर आभार व्यक्त किया। विद्यालय के संस्थापक शरद सकलेचा, चेयरपर्सन नीति मोदी, सचिव प्रतिभा सकलेचा, जैन श्वेतांबर ग्रुप के राष्ट्रीय चेयरमेन एवं पत्रकार अनिल नाहर, पत्रकार लालचंद रूद्रवाल सहित कई वरिष्ठ नागरिकों शिक्षाविदों ने भी स्वर्गीय भंडारी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।




# जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप भानपुरा ने सांदीपनी विद्यालय में किया पौधरोपण



**भानपुरा।** जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप भानपुरा द्वारा पर्यावरण पखवाड़ा के तहत एक दम्पति एक व्रक्ष अभियान में 16 जुलाई को नव निर्मित शासकीय सादिपनीं विधालय परिसर में पोधा रोपण किया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त कलेक्टर रोहित राणावत, तहसीलदार मुकेश निगम, थाना प्रभारी रमेश चंद दांगी व प्राचार्य सुनील तिवारी थे कार्यक्रम कि अध्यक्षता जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप्स फेडरेशन के राष्ट्रीय चेयरमैन अनिल पुष्पा नाहर ने की इस, अवसर पर एन सी सी अधिकारी भीमसेन वधवा, जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप्स फेडरेशन के राष्ट्रीय मार्गदर्शक सुधीर प्रियंका नवलखा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे ग्रुप अध्यक्ष डा प्रमिला नाहर संरक्षक डा पारस नाहर ने सभी अतिथियों का स्वागत किया, इस अवसर पर विशेष रुप से 50 एन सी सी केडेट्स बालिका व बालक आकर्षक एन सी सी केडेट्स कि ड्रेस में उपस्थित थे सभी अतिथियों व जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप भानपुरा के सभी पदाधिकारी गणों व सभी दम्पति सदस्यों ने पोधा रोपण किया सभी पोधे छायादार, फलदार वाले लगाए गये परिसर में ग्रुप द्वारा 51 पोधे लगाएं गये पोधे लगवाने में एन सी सी केडेट्स ने विशेष सहयोग दिया मुख्य अतिथि रोहित राणावत, मुकेश निगम व रमेश चंद दांगी ने जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप भानपुरा के इस अभियान कि सराहना कि व सामाजिक क्षेत्र में ग्रुप के द्वारा किए जाने वाले कार्यों कि सराहना कि सादिपनीं विधालय के प्राचार्य सुनील तिवारी ने कहा कि परिसर में जो भी पोंधे लगाए उनके संरक्षण का कार्य विधालय परिवार करेगा सभी पोंधे चले इसके लिए संकल्पित है।

### जन अभियान परिषद स्थापना दिवस पर पौधारोपण, स्वैच्छिकता शपथ दिलाई

**मंदसौर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस पर स्वैच्छिकता पर्व विकासखंड मंदसौर के डिगांवमाली सेक्टर अंतर्गत नवांकुर संस्था प्रियदर्शन सामाजिक सेवा संस्थान एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रिंडा द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत हाई स्कूल परिसर में जामुन गुलमोहर शिशम के पौधों का वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा, जिला उपाध्यक्ष जीवन शर्मा, गुर्जर बढ़िया मंडल अध्यक्ष भेरूलाल सेन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। श्री सेन ने पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सहभागिता का संदेश देते हुए उपस्थित सभी नागरिकों को स्वैच्छिकता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि दिनेश सोलंकी ने बताया कि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जन अभियान परिषद स्थापना दिवस पर 4 जुलाई से 12 अगस्त तक प्रस्फुटन ग्रामों में स्वैच्छिकता पर्व मनाया जा रहा है। इस अवधि में सेक्टर में वृक्षारोपण, स्वैच्छिकता एवं नशा मुक्ति शपथ, स्वच्छता अभियान तथा विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।




## दस्तक अभियान के तहत लदूना व दीपाखेड़ा में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण

**मंदसौर। वर्षाकाल में मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग ने सीतामऊ विकासखंड के हाई-रिस्क क्षेत्र लदूना एवं दीपाखेड़ा में दस्तक अभियान के तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की।**

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. दीपा पाठक ने कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ बुखार सर्वे एवं मच्छरों के लार्वा का सघन सर्वे करने के निर्देश दिए। उन्होंने कूलर, टायर व अन्य जलभराव वाले स्थानों में मिले लार्वा का तत्काल नष्टीकरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. वी.के. सूरा ने कहा कि फीवर स्क्रीनिंग सतत प्रक्रिया है और बुखार के मरीजों की तत्काल जांच की जानी चाहिए।

कार्यशाला के समापन पर सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम, लार्वा विनष्टीकरण तथा अपने क्षेत्र को रोगमुक्त बनाने का संकल्प लिया। प्रशिक्षण में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं आशा सहयोगी उपस्थित रहीं।

## पर्यावरणविद् डॉ. उर्मिला तोमर 'वृक्ष मित्र' के रूप में हुईं शामिल, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से की चर्चा

**मंदसौर।** नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) परिसर में आयोजित राष्ट्रीय पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम में देश के केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के विशेष आमंत्रण पर मंदसौर की जानी-मानी पर्यावरणविद् और सार्थक सोशल वेलफेयर सोसाइटी की संस्थापक डॉ. उर्मिला तोमर ने 'वृक्ष मित्र' के रूप में सहभागिता की। इस गौरवशाली आयोजन में देशभर से पर्यावरण और जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चुनिंदा 'वृक्ष मित्रों' को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान डॉ. उर्मिला तोमर ने माननीय केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के साथ परिसर में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने माननीय मंत्री जी को सार्थक सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा विगत 11 वर्षों से मंदसौर और मालवा अंचल में चलाए जा रहे सघन वृक्षारोपण, सस्टेनेबल वाटर मैनेजमेंट (भूजल पुनर्भरण) और सिंगल-यूज़ प्लास्टिक मुक्ति (बर्तन बैंक) जैसे धरातलीय अभियानों की विस्तृत जानकारी दी और संस्था का आधिकारिक ब्रोशर भी भेंट किया। राष्ट्रीय स्तर पर 'वृक्ष मित्र' अभियान को मजबूत करने के सुझाव सौंपे। केंद्रीय मंत्री से वन-टू-वन चर्चा के दौरान डॉ. तोमर ने देश में पर्यावरण संरक्षण की गति को तीव्र करने के लिए कई व्यावहारिक सुझाव साझा किए। उन्होंने देश के हर नागरिक को पर्यावरण से जोड़ने, पारंपरिक जल स्रोतों के पुनरुद्धार और वैज्ञानिक पद्धतियों से सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने पर बल दिया। माननीय मंत्री जी ने सार्थक संस्था के सेवा कार्यों की खुले दिल से सराहना की और इन बहुमूल्य सुझावों पर सकारात्मक रुख दिखाया। इस उपलब्धि पर सार्थक संस्था के सभी सदस्यों, सहयोगियों और मंदसौर के पर्यावरण प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे पूरे क्षेत्र के लिए एक अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण बताया है।



# सकल दिगम्बर जैन समाज महिला प्रकोष्ठ का प्रथम स्नेह मिलन एवं हरियाली महोत्सव उत्साहपूर्वक

**मन्दसौर।** सकल दिगम्बर जैन समाज महिला प्रकोष्ठ, मन्दसौर द्वारा आयोजित प्रथम स्नेह मिलन एवं हरियाली महोत्सव प्रेम गार्डन में हर्षोल्लास, सामाजिक सौहार्द एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मन्दसौर विपिन जैन रहे। मंचासीन अतिथियों में सकल जैन समाज, मन्दसौर के अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन, सकल दिगम्बर जैन समाज, मन्दसौर के अध्यक्ष अनिल जैन, णमोकार मंत्र साधना केंद्र, बही पारसनाथ के अध्यक्ष शांतिलाल बड़जात्या, सकल दिगम्बर जैन समाज, मन्दसौर के पूर्व अध्यक्ष अजय बाकलीवाल, पूर्व अध्यक्ष सकल जैन समाज, मन्दसौर विजेन्द्र सेठी, राजकुमार बाकलीवाल तथा समन्वित दिगम्बर जैन समाज, मन्दसौर के अध्यक्ष पंडित अरविंद जैन तथापूर्व महामंत्री नीलू पाटनी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भगवान के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात महिला प्रकोष्ठ की टीम ने मनमोहक स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया।



श्रीमती रीना जैन ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। महिला प्रकोष्ठ की महामंत्री श्रीमती साक्षी जैन ने स्वागत उद्बोधन देते हुए महिला प्रकोष्ठ की स्थापना के उद्देश्य, अब तक की गतिविधियों एवं आगामी योजनाओं पर प्रकाश डाला। महिला प्रकोष्ठ की ओर से महामंत्री श्रीमती साक्षी जैन, मंत्री श्रीमती संगीता गोधा, श्रीमती रंजना जैन, श्रीमती रीना जैन, श्रीमती अंजलि गर्ग एवं कोषाध्यक्ष श्रीमती किरण जैन सहित समस्त पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों, संरक्षकों एवं परामर्शदाताओं का माला, दुपट्टा एवं हरित पौधा भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया। हरियाली महोत्सव के अंतर्गत सभी महिला सदस्यों को अपराजिता के बीज वितरित किए गए तथा अतिथियों को पौधे भेंट किये गए। मुख्य अतिथि विधायक विपिन जैन ने पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण एवं प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया। वहीं समाज अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन एवं अनिल जैन ने महिला प्रकोष्ठ की सक्रियता, संगठन क्षमता एवं अल्प समय में किए गए उत्कृष्ट कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं की ऊर्जा, एकता एवं सेवा भावना समाज के लिए प्रेरणादायी है।

कार्यक्रम में धार्मिक प्रश्नोत्तरी, तंबोला, सेल्फी प्रतियोगिता, आकर्षक सेल्फी पॉइंट एवं लकी ड्रॉ विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं ने सुमधुर भोज का आनंद लिया।

## नीमच

## एक नजर में

### गायत्री परिवार द्वारा सुखानंद में यज्ञ का आयोजन किया

**जावद।** शांतिकुंज हरिद्वार के दिव्य निर्देशन में गायत्री चेतना केंद्र सुखानंद स्थल पर गायत्री परिवार द्वारा पाक्षिक गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति के पश्चात तहसील स्तरीय गोष्ठी का आयोजन उज्जैन उपजोन समन्वयक प्रभाकर सोनाने, उप जोनल समिति सदस्य प्रभुलाल धाकड़ एवं नीमच जिला समन्वयक गिरिराज सिंह चौहान की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। गोष्टी के प्रारंभ में देव पूजन के क्रम के बाद अतिथियों का स्वागत तहसील समन्वयक जगदीशचंद्र महावर, जिला समिति सदस्य जगन्नाथ कमेडिया द्वारा अभिनंदन भारतीय संस्कृति के अनुरूप अक्षत पुष्प की वर्षा करते हुए मंगल तिलक लगाया गया। गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए जिला समन्वयक गिरिराज सिंह चौहान ने गायत्री परिवार द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा निर्धारितआगामी योजना एवं अनुशासन की विस्तृत चर्चा की। गोष्टी को संबोधित करते हुए उज्जैन उपजोन के समन्वयक प्रभाकर सोनाने ने युग निर्माण योजना, 21वीं सदी के संविधान, एवं गुरुदेव द्वारा अपने जीवन में किए गए अलौकिक कार्यों का विस्तृत विवेचन किया, आपने कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन करते हुए बताया कि युग निर्माण योजना देव शक्तियों की योजना है एवं वही शक्ति इसे पूरा करने में लगी हुई है। आपको केवल अपने सामर्थ्य एवं शक्ति के अनुरूप पूर्ण मनोयोग से इस योजना को पूरा करने में अपनी भागीदारी गिद्ध, गिलहरी एवं वानर जितनी करना है। श्री सोनाने ने वर्तमान समय में संपूर्ण विश्व में व्यापत विनाशकारी संकट की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि आने वाले समय में सभी प्रकार की विनाशक शक्तियां एवं समाज में फैले हुए व्यापक अनाचार, अत्याचार, भ्रष्टाचार का भी देव शक्तियों के प्रभाव से नाश होना निश्चित है। गोष्टी के समापन के पूर्व तहसील उप समन्वयक कमल एरन ने बाहर से पधारे हुए अतिथियों एवं सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त कर शांति पाठ किया गया। गोष्ठी अंतर्गत बांगेडा से गायत्री परिवार के वरिष्ठ तुलसीराम धाकड़ भेरूलाल धाकड़, भागीरथ धाकड़, भोलीराम धाकड़, ग्राम कोचवा से मूलचंद धाकड़, शांतिलाल धाकड़, जगदीश धाकड़ कन्हैयालाल, ग्राम मेलाना से हरिओम, भेरूलाल छुवारिया, मदनलाल बगड़, जगदीश झाडोतिया, बाबूलाल मंदारिया, सत्यनारायण धाकड़, ग्राम लोद से कारुलाल सालवी, विष्णु सालवी, अठाना से कन्हैयालाल बुआर के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय के अतिरिक्त गांव पिपलिया प्रेम जी से महिला मंडल उपस्थिति रही।

### जादूगर ढोंढूराम ने सत्संग और मोनो एक्टिंग से ग्रामीणों को किया स्वच्छता व अंधविश्वास के प्रति जागरूक

**नीमच।** स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत ग्राम गुर्जरखेड़ी सांखला स्थित प्रसिद्ध चारभुजा मंदिर परिसर में एक विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तारापुर निवासी प्रसिद्ध जादूगर ढोंढूराम ने उपस्थित ग्रामीणों को अपनी कला और विचारों के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान जादूगर ढोंढूराम ने रात्रि कालीन धार्मिक चर्चा, सत्संग और अपनी बेहतरीन मोनो एक्टिंग (एकपात्रीय अभिनय) के माध्यम से लोगों को अंधविश्वास की हकीकत समझाई। उन्होंने बेहद सरल और मनोरंजक ढंग से असली और नकली महात्माओं के बीच का अंतर बताते हुए ग्रामीणों को ढोंगी बाबाओं के बहकावे में न आने की सीख दी। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने आस-पड़ोस को साफ-सुथरा रखें, क्योंकि स्वच्छता ही स्वस्थ जीवन का आधार है। इसके साथ ही उन्होंने समाज में फैली विभिन्न सामाजिक और धार्मिक कुरीतियों को दूर कर एक जागरूक और सभ्य समाज के निर्माण में सहयोग देने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में ग्रामीणजनों की भारी उपस्थिति रही।

# दुनिया एआई की ओर, भाजपा धर्म-जाति की ओर : मधु बंसल

▶ भविष्य की तकनीक, रोजगार पर नीति नहीं, जनता को भावनात्मक मुद्दों में उलझा रही सरकार

**नीमच। भारत आज एक ऐसे ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ा है, जहां एक तरफ दुनिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के साथ चौथी औद्योगिक क्रांति में कदम रख चुकी है, और दूसरी तरफ हमारी आंखें आज भी धर्म, जाति और राजनीति के ऐसे कोरे चश्मे में धुंधली हो चुकी हैं कि हम अपनी आने वाली इस गंभीर बदलाव को भी नहीं देख पा रहे।**

आम भारतीय के लिए आज एआई महज 'चैटजीपीटी से बातें करना' और 'मोबाइल पर फोटो-पोस्टर बनाना' भर रह गया है। जबकि हकीकत यह है कि एआई इंसान की सोचने की क्षमता, भाषा, और निर्णय लेने की शक्ति को चुनौती दे रहा है।



श्रीमती बंसल ने कहा कि भारत की 55% आबादी आज भी कृषि और प्राथमिक क्षेत्र में जूझ रही है, लेकिन जीडीपी में इसका योगदान मात्र 18 प्रतिशत है। जबकि सेवा क्षेत्र (आईटी, बैंकिंग, पर्यटन, स्वास्थ्य, शिक्षा) जीडीपी में 55 से 60 प्रतिशत का योगदान देता है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के अनुसार, एआई का सबसे बड़ा असर सेवा क्षेत्र की नौकरियों पर पड़ने वाला है। आईटी, बीपीओ, बैंकिंग, बीमा, कानूनी और चिकित्सा ट्रांसक्रिप्शन - जिनमें हमारे लाखों युवा (और देश-विदेश में बैठे हमारे बच्चे) काम कर रहे हैं - करीब 1 करोड़ (10 मिलियन) नौकरियों पर सीधा खतरा मंडरा रहा है। जो लोग इस बात को टाल देते हैं कि 'कंप्यूटर आया था तो भी कुछ नहीं हुआ', वे भूल रहे हैं कि कंप्यूटर ने केवल गणना बदली थी, एआई ने चिंतन बदल दिया है। जब पूरी दुनिया एआई के लिए नए नियम, नए स्किलिंग इकोसिस्टम, और नए देसी एलएलएम मॉडल बना रही है, तब हमारी बीजेपी सरकार क्या कर रही है? बेरोज़गारी अपने चरम पर है, महंगाई आम आदमी की जेब और जीभ दोनों जला रही है। खुलेआम अधिकारी और नेता आम आदमी का पैसा लूट रहे हैं। एआई नीति तो दूर, एक भी ग्लोबल-लेवल का भारतीय आईटी प्रोडक्ट नहीं है, जो अमेरिका या चीन का मुकाबला कर सके। इस सरकार का एकमात्र उद्देश्य अब 'बाबाओं, कथा-वाचकों और तांत्रिकों' के जरिए देश को धर्म और जाति के झंझट में उलझाए रखना है, ताकि आम आदमी ज़रूरी मुद्दों से अपना ध्यान हटाए और भाजपा की सरकार अपने 'पूंजीपति मित्रों' को देश की संपत्ति बेच सके। इसने अपने पूरे तंत्र - ईडी, सीबीआई, चुनाव आयोग - को विपक्ष की आवाज दबाने का हथियार बना लिया है। मीडिया को कंट्रोल करके, उन्होंने हिंदू-मुस्लिम, जातिवाद और कथा-कीर्तन के बहाने देश का ध्यान असली मुद्दों (बेरोजगारी, तकनीक, भ्रष्टाचार) से हटा दिया है। श्रीमती बंसल ने कहा कि सच्चा सनातनी वह नहीं जो केवल तंबू लगाकर भजन-कथा करे, बल्कि वह जो सत्य बोले, पुरुषार्थ करे, और आने वाली आपदा और अवसर दोनों के लिए देश और समाज को तैयार करे। जो सरकार आपको धर्म और अंधविश्वास के अंधेरे में रखना चाहती है, ताकि वह आपकी मेहनत की कमाई को अपने पूंजीपति दोस्तों को सौंप सके,.

# लूट व अपहरण के मामले में दो आरोपियों को 10-10 वर्ष की सजा

**नीमच।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय, नीमच ने लूट एवं अपहरण के एक महत्वपूर्ण मामले में दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई है। शासन की ओर से जिला लोक अभियोजक चंचल बाहेती एवं अपर लोक अभियोजक इमरान खान ने प्रभावी पैरवी की।

जिला लोक अभियोजक श्री बाहेती ने बताया कि 24 अक्टूबर 2023 को फरियादी पदमसिंह राठौर के साथ स्पेंटा पेट्रोल पंप क्षेत्र से चाकू की नोक पर अपहरण कर बरूखेड़ा रोड स्थित ईंट भट्टों पर ले जाकर मारपीट की गई। आरोपियों ने फरियादी के कान की सोने की बालियां, चांदी की चेन और मोबाइल लूट लिया तथा मोबाइल के माध्यम से 30 हजार रुपए अन्य खाते में ट्रांसफर करा लिए।

प्रकरण में थाना नीमच सिटी पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच के दौरान इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य, कॉल डिटेल एवं लोकेशन के आधार पर आरोपियों अर्जुन उर्फ बाबू पिता निर्भयसिंह सौंधिया एवं तेज उर्फ तेजू पिता रामदयाल राठौर को गिरफ्तार किया। आरोपियों से 33 हजार रुपए नगद भी बरामद किए गए।

प्रकरण की सुनवाई के बाद प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेन्द्र सिंह राजपूत ने दोनों आरोपियों को धारा 394/34 के तहत 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 10-10 हजार रुपए अर्थदंड, तथा धारा 365/34 के तहत 4-4 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5-5 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया। निर्णय के बाद दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

## झपट्टा मारकर मोबाईल लूटने वाले को 3 वर्ष की सजा


**नीमच।** श्रीमान् विशाल खाड़े, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जिला नीमच के द्वारा अपने निर्णय में फरियादीया को झपट्टा मारकर स्कुटी से नीचे गिराकर उसके मोबाईल की लूट करने वाले आरोपी राहुल पिता कन्हैयालाल मीणा, उम्र-20 वर्ष, निवासी-ग्राम बोरदियाकला, जिला-नीमच को धारा 309(4) भारतीय न्याय संहिता, 2023 के अंतर्गत 03 वर्ष के सश्रम कारावास व 20000रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले एडीपीओं श्री पारस मित्तल द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग एक वर्ष पुरानी होकर दिनांक 30.04.2024 की दोपहर के लगभग 4 बजे ग्राम अमावली महल से दुदरसी के रास्ते के बीच में आने वाली घाटी की हैं। फरियादीया सपना द्वारा थाना बघाना में आवेदन दिया गया कि वह अपनी इलेक्ट्रीक स्कूटी से ग्राम दुदरसी स्थित उसके घर पर जा रही थी, कि पीछे से आरोपी मोटरसायकल से आया और उसने झपट्टा मारकर फरियादीया को नीचे गिरा दिया व उसकी जेब में रखा मोबाईल छीनकर भाग गया। फरियादी के आवेदन पर से थाना बघाना में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पूछताछ कर आरापी का पता लगया तथा उसको गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूट किये हुवे मोबाईल को जब्त किया।

एक नजर ▶ नीमच में लंबे सेवाकाल के दौरान बनाई अलग पहचान

# जगदीश चंद्र मालवीय सहायक संचालक जनसंपर्क पद पर पदोन्नत

**नीमच।** मध्यप्रदेश शासन के जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी पदोन्नति आदेश के तहत जिला जनसंपर्क कार्यालय आगर-मालवा में पदस्थ जगदीश चंद्र मालवीय को सहायक संचालक, जनसंपर्क के पद पर पदोन्नत किया गया है। राज्य शासन द्वारा विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा के आधार पर जारी आदेश में श्री मालवीय सहित आठ जनसंपर्क अधिकारियों को पदोन्नति प्रदान की गई है। पदोन्नति के बाद मालवीय आगामी आदेश तक सहायक संचालक जनसंपर्क के रूप में कार्यभार ग्रहण करेंगे। श्री मालवीय लंबे समय से जनसंपर्क विभाग में अपनी कार्यकुशलता, सरल व्यवहार एवं प्रभावी प्रशासनिक क्षमता के लिए जाने जाते हैं। उनके पदोन्नत होने पर जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, पत्रकारों, सामाजिक संगठनों तथा शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। सभी ने विश्वास जताया कि वे नई जिम्मेदारी का भी सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए विभाग की योजनाओं एवं जनहितकारी गतिविधियों को प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जगदीश मालवीय ने अपने लगभग चार दशक के गौरवशाली एवं निष्कलंक सेवाकाल में प्रशासन और मीडिया के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए जनसंपर्क विभाग की कार्यप्रणाली को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।



### मीडिया और प्रशासन में रहे लोकप्रिय

अपने लंबे सेवाकाल के दौरान मालवीय ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी कार्यशैली के कारण प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और पत्रकारों के बीच उनकी एक अलग पहचान बनी। नीमच जिले में उनके लंबे कार्यकाल को जनसंपर्क विभाग एवं पत्रकारिता जगत लंबे समय तक याद रखेगा।